# University in News on 11 December 2023

## i-NEXT PAGE 6

PICS: DAINIK JAGRAN I-NEXT


Prof. Alok Kumar Rai, Annapurna Devi


Mukesh Kumar


Obida, Muzhda, Palmora


Dr. Ritu Kandhal

### PARTY TIME

lucknow@inext.co.in

लखनऊ यूनिवर्सिटी में 6 दिसंबर को 66वां कंवोकेशन डे मनाया गया. इस दौरान 107 स्टूडेंट्स को 193 मेडल दिए गए और 43,298 स्टूडेंट्स को डिग्री से नवाजा गया. मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित होकर स्टूडेंट्स खुशी से झूम उठे. वहीं, स्टूडेंट्स एक-दूसरे के साथ सेल्फी लेते हुए भी नजर आए. सबने एक-दूसरे को बधाई दी और अपने पेरेंट्स का आशीर्वाद भी लिया. मेडल पाने वाले स्टूडेंट्स ने मेडल के साथ अपने टीचर्स के साथ भी खुशियां बांटी. प्रोग्राम के दौरान कल्चरल इवेंट भी हुआ जिसमें पीएचडी स्कॉलर्स ने पानी भरो समारोह और एलयू का कुलगीत गाया.


Prof. Suchir, Prof. Pramod


Prof. Arvind Awasthi


Ramesh, Prateek


Dr. Kiran, Anupama


Machurima


Justice AR Masood, Dr. Ashwani

**INVITE US:**

If you are throwing a party, celebrating any festival or mounting an exhibition, we will report it. Call us at 9918169164 or mail at lucknow@inext.co.in

For more party photos, go to www.inextlive.com/citylights

---

एलयू में नकल रोकने के लिए प्लान तैयार

# यूनिवर्सिटी में नकल पर नकेल की तैयारी

**लखनऊ विश्वविद्यालय ने यूजी एग्जाम के लिए कॉलेजों को भेजे निर्देश**

**LUCKNOW (10 Dec):** लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाएं 12 दिसंबर से शुरू होंगी. इसके लिए परीक्षा केंद्रों को रोजना परीक्षार्थियों की आनलाइन उपस्थिति भी भेजनी अनिवार्य होगी. परीक्षार्थियों के सीट की व्यवस्था ऐसी की जाए, जिससे उन्हें नकल करने का मौका न मिल सके. प्रत्येक कक्ष में कम से कम दो कक्ष निरीक्षक भी लगाए जाएं. एक विषय के परीक्षार्थी के आगे, पीछे और बगल में उस विषय के परीक्षार्थी की सीट न आवंटित हो. विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने सभी केंद्रों को परीक्षा संबंधी निर्देश जारी किए हैं.

**262 सेंटर बनाए गए**

लवि ने स्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी और सीतापुर जिले को मिलाकर 262 केंद्र बनाए गए हैं. इन केंद्रों पर नकल विहीन परीक्षाएं कराने के लिए केंद्र अध्यक्षों को निर्देश भेजे गए हैं.

**परीक्षा ड्यूटी को लेकर सख्ती**

परीक्षा केंद्र पर जिन कालेजों का सेंटर भेजा गया है, वहां के शिक्षकों को उनके परीक्षार्थियों के परीक्षा कक्ष में निरीक्षण कार्यों के लिए नहीं भेजा जा सकेगा. केंद्र पर प्रबंध तंत्र काक कोई भी सदस्य भी परीक्षा के दौरान उपस्थित न हों. पहले दिन आधे घंटे फिर अन्य दिन 15 मिनट पहले गेट खोला जाएगा.



**एक नजर में आंकड़े**

| | |
|---|---|
| परीक्षा केंद्र | 263 |
| परीक्षार्थियों की संख्या | 03 लाख |
| केंद्रों पर आवंटित कालेजों के छात्र-छात्राएं | 478 |
| पांच जिलों में नोडल केंद्र | 121 |
| परीक्षा की शुरुआत | 12 दिसंबर |

**एलयू के नियंत्रण कक्ष से जुड़ा रहेगा सीसी कैमरा**

केंद्रों पर सीसी कैमरे वाइस रिकार्डर सहित अनिवार्य रूप से संचालित होने के निर्देश दिए गए हैं. केंद्रों से कहा गया है कि उसकी रिकार्डिंग भी सुरक्षित रखी जाए. नोडल केंद्र के स्ट्रांग रूम का सीसी कैमरा 24 घंटे संचालित रहेगा, जो वेब कास्टिंग के जरिए विश्वविद्यालय के नियंत्रण कक्ष से जुड़ा रहेगा. विशेष परिस्थिति में ही आधा घंटा देर से आने पर परीक्षार्थी को प्रवेश कराने का अधिकार केंद्र अध्यक्ष को होगा.

---

# युवा पोर्टल पर अब रजिस्ट्रेशन जरूरी

**LUCKNOW (10 Dec):** लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों को अपने यहां राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सत्र 2023-24 के सभी छात्र-छात्राओं का Mybharat.gov.in के युवा पोर्टल पर पंजीकरण करना अनिवार्य होगा. ऐसा न करने पर संबंधित कालेजों के एनएसएस के विद्यार्थियों की एक्टिविटी इस सत्र में शून्य मानी जाएगी. लवि के एनएसएस प्रोग्राम के को-आर्डिनेटर प्रोफेसर रुपेश कुमार ने सभी कालेजों के प्राचार्यों एवं कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं. शासन ने वर्तमान सत्र 2023-24 में लखनऊ विश्वविद्यालय से जुड़े लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली और लखीमपुर खीरी के 85 महाविद्यालयों में एनएसएस के नियमित एवं विशेष शिविर कार्यक्रमों के आयोजन के लिए छात्र संख्या का आवंटन कर दिया है. इनमें सामान्य कार्यक्रम के लिए 17,700 और विशेष शिविर कार्यक्रम के लिए 8850 छात्र संख्या तय की गई है. कालेजों को विशेष शिविर के आयोजन की सूचना शिविर शुरू होने के 15 दिन पहले पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट से भेजनी होगी. अन्यथा भविष्य में इकाइयों का आवंटन संभव नहीं होगा. इन सभी को गतिविधियों की मासिक रिपोर्टिंग ई-मेल से एनएसएस प्रकोष्ठ उप्र शासन व क्षेत्रीय निदेशक को भेजनी होगी.

---

## JAGRAN CITY PAGE III

# एनएसएस के छात्र-छात्राओं का युवा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों को अपने यहां राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सत्र 2023-24 के सभी छात्र-छात्राओं का Mybharat.gov.in के युवा पोर्टल पर पंजीकरण करना अनिवार्य होगा। ऐसा न करने पर संबंधित कालेजों के एनएसएस के विद्यार्थियों की एक्टिविटी इस सत्र में शून्य मानी जाएगी। लवि के एनएसएस प्रोग्राम के को-आर्डिनेटर प्रोफेसर रुपेश कुमार ने सभी कालेजों के प्राचार्यों एवं कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

शासन ने वर्तमान सत्र 2023-24 में लखनऊ विश्वविद्यालय से जुड़े लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली और लखीमपुर खीरी के 85 महाविद्यालयों में एनएसएस के नियमित एवं विशेष शिविर कार्यक्रमों के आयोजन के लिए छात्र संख्या का आवंटन कर दिया है। इनमें सामान्य कार्यक्रम के लिए 17,700 और विशेष शिविर कार्यक्रम के लिए 8850 छात्र संख्या तय की गई है।

**15 दिन पहले देनी होगी विशेष शिविर की सूचना :** कालेजों को विशेष शिविर के आयोजन की सूचना शिविर शुरू होने के 15 दिन पहले पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट से भेजनी होगी। अन्यथा भविष्य में इकाइयों का आवंटन संभव नहीं होगा। इन सभी को गतिविधियों की मासिक रिपोर्टिंग ई-मेल से एनएसएस प्रकोष्ठ उप्र शासन व क्षेत्रीय निदेशक को भेजनी होगी। नियमित ऐसा न करने पर इकाइयों को भविष्य में निरस्त कर दिया जाएगा।

# छह विद्यार्थी पोस्ट-डाक्टरल फैलोशिप के लिए चयनित

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में अनुसंधान करने वाले छह छात्र-छात्राओं को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएसएसआर) की ओर से सत्र 2023-24 की पोस्ट-डाक्टरल फैलोशिप के लिए चयनित किया गया है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि चयनित होने वालों में प्रियंका ठाकुर, अजीज अहमद खान, आयुष यादव, सरिता वर्मा, युद्धवीर सिंह और रवींद्र प्रताप सिंह शामिल हैं। यह सम्मानित स्थान अनुसंधान में उनके अनुकरणीय योगदान को उजागर करती है, जिससे उन्हें यह प्रतिष्ठित फैलोशिप प्राप्त करने वाले चुनिंदा लोगों में स्थान दिया गया।



## AMRIT VICHAR PAGE 4

# छह छात्रों को मिली फैलोशिप

**लखनऊ :** लखनऊ विवि के छह छात्रों को विभिन्न अनुसंधानों के तहत आईसीएसएसआर पोस्ट-डॉक्टरल फैलोशिप प्राप्त हुई है। शोधार्थियों की सफलता को लेकर कुलपति ने बधाई दी है। वर्ष 2023-24 के शैक्षणिक कार्य और अनुसंधान को लेकर आईसीएसएसआर पोस्ट-डॉक्टरल फैलोशिप दी गई है। इनमें शोधार्थी छात्र प्रियंका ठाकुर, अजीज अहमद खान, आयुष यादव, सरिता वर्मा, युद्धवीर सिंह और रवींद्र प्रताप सिंह के नाम शामिल हैं। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के पुरस्कार विजेताओं के रूप में इन्हें चुना गया है। अग्रिम शोध शैक्षणिक वर्ष के लिए पोस्ट-डॉक्टरल फेलोशिप के रूप में समायोजित हैं। बता दें कि यह सम्मानित मान्यता अनुसंधान में शोधार्थियों के अनुकरणीय योगदान को उजागर करती है।

## HT PAGE 3

# 6 LU researchers clinch ICSSR post-doc fellowships

**LUCKNOW:** In a notable achievement, six research scholars of University of Lucknow (LU) namely Priyanka Thakur, Aziz Ahmad Khan, Ayush Yadav, Sarita Verma, Yudhvir Singh and Ravindra Pratap Singh have been provisionally selected as awardees of the Indian Council of Social Science Research (ICSSR) post-doctoral fellowship for the upcoming academic year. This recognition highlights their exemplary contributions to research, positioning them among the select few to receive this prestigious fellowship.

## PIONEER PAGE 3

# एलयू के छह छात्रों को मिली पोस्ट-डॉक्टोरल फेलोशिप

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**लखनऊ** विश्वविद्यालय के छह अनुसंधान करने वाले छात्रों ने 2023-24 शैक्षणिक वर्ष के लिए आईसीएसएसआर पोस्ट-डॉक्टोरल फेलोशिप प्राप्त की है।

इनमें प्रियंका ठाकुर, अजीज अहमद खान, आयुष यादव, सरिता वर्मा, युद्धवीर सिंह और रवींद्र प्रताप सिंह को अनंतिम रूप से भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के पुरस्कार विजेताओं को पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप के रूप में आगामी शैक्षणिक वर्ष के लिए चुना गया है।

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

# पीडीएफ के लिए लविवि के 6 छात्र चयनित

लखनऊ (एसएनबी)। आईसीएसएसआर के पोस्ट डॉक्टेरल फैलोशिप (पीडीएफ) में लखनऊ विश्वविद्यालय के 6 छात्रों को जगह मिली है, इसमें प्रमुख रूप से समाजशास्त्र विभाग की प्रियंका ठाकुर, के अलावा अज़ीज़ अहमद खान, आयुष यादव, सरिता वर्मा, युद्धवीर सिंह और रविंद्र प्रताप सिंह शामिल है। लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने चयनित छात्रों को बधाई दी है।

## SWATANTRA BHARAT PAGE 2

# एलयू के प्रतिभाशाली छात्र चमके

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। छह अनुसंधान करने वाले छात्रों ने 2023-24 शैक्षणिक वर्ष के लिए आईसीएसएसआर पोस्ट-डॉक्टरल फैलोशिप प्राप्त की एक उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। लविवि के 6 शोध छात्रों ने (डॉक्टरेट के बाद)जिनमें प्रियंका ठाकुर, अजीज अहमद खान, आयुष यादव, सरिता वर्मा, युद्धवीर सिंह और रवींद्र प्रताप सिंह को अनंतिम रूप से भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर)के पुरस्कार विजेताओं (पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप) के रूप में आगामी शैक्षणिक वर्ष के लिए चुना गया है। यह सम्मानित स्थान अनुसंधान में उनके अनुकरणीय योगदान को उजागर करती है। जिससे उन्हें यह प्रतिष्ठित फ़ेलोशिप प्राप्त करने वाले चुनिंदा लोगों में स्थान मिलता है।